डॉ. केशरी लाल वर्मा
कुलपति

Dr. Keshari Lal Verma
Vice Chancellor

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) भारत
Pt. Ravishankar Shukla University
Raipur (Chhattisgarh) - 492010-INDIA
Office : +91 771-2262857
Fax : +91 771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in
Mobile : 8527324400

क्रमांक/ 2937 /के.एस./2021
रायपुर, दिनांक 7 मई, 2021

महोदय,

आशा है कि आप स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं।

आप को विदित ही है कि इस समय प्रदेश में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से बढ रहा है। ऐसी स्थिति में इस से बचाव के लिए जन–जागरूकता की आवश्यकता है। माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया की मंशा के अनुरूप विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के स्तर पर प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं छात्र–छात्राओं के माध्यम से सभी नागरिकों में कर्तव्यों के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी बढ़ाने संबंधी अभियान चलाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। साथ–ही–साथ सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए कोविड प्रोटोकॉल, कोविड बिहेवियर का पालन सुनिश्चित कराने एवं टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की महती आवश्यकता है। इस दिशा में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय महामारी से बचाव के लिए दूरस्थ ग्रामीण अंचलों, कस्बों, एवं शहरों में निवासरत नागरिकों को जागरूक करने में योगदान दे सकते हैं। इस के लिए छात्र–छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने में योगदान का आग्रह है।

आप सभी अवगत हैं कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सब से कारगर उपाय **मास्क लगाना, समय–समय पर हाथ धोना या सेनिटाइज करना, सामाजिक दूरी बनाए रखना, जन–समूह से बचना, और टीका लगवाना** है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी उच्चतर शिक्षा संस्थानों से उम्मीद की है कि स्थिति से निपटने के लिए **पाँचसूत्रीय रणनीति–परीक्षण, अनुरेखन, उपचार, कोविड उपयुक्त व्यवहार, और टीकाकरण** को अपनाते हुए **'सफाई भी, दवाई भी, कड़ाई भी'** पर नए सिरे से जोर देने के साथ–साथ जागरूकता बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ।

अध्ययन–अध्यापन के समय प्राध्यापकगण छात्रों के साथ वर्चुअल मोड पर जुड़े रहे हैं। समय की आवश्यकता है कि इस हेतु मेसेज, ईमेल, वेबसाईट, फेसबुक, ट्यूटर, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया, आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान एवं टीकाकरण के लिए छात्र–छात्राओं सहित प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करें। वे अपने आस–पास के व्यक्तियों एवं परिवार के सदस्यों को भी सक्रिय एवं जागरूक करें।

आप से कोविड उपयुक्त व्यवहार और टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समन्वित और सामूहिक प्रयासों के लिए अनुरोध है। मुझे विश्वास है कि आप शिक्षकों, अधिकारियों, एवं छात्र–छात्राओं के माध्यम से आमजनों में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

कृपया आप के द्वारा किए गए प्रयासों से समय–समय पर अवगत कराते रहें।

शुभकामनाओं सहित,

(केशरी लाल वर्मा)

समस्त अध्यक्ष, अध्ययनशालाएँ
समस्त प्राचार्य, संबद्ध महाविद्यालय
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

Scanned with CamScanner